Formation of Commission for Classical Languages

831. DR. BAPU KALDATE : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer given to Unstarred Question 1706 in the Rajya Sabha on the 24th July, 1992 and state by when the autonomous Commission to foster and improve teaching study and research in Sanskrit and other Classical Languages is likely to be set up ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : No definite timeframe has been decided upon for setting up the proposed Commission under reference.

शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन

832. **डा. बापू कालदाते** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के कुछ शिक्षाविदों ने सरकार को वर्तमान शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में शिकायतें तथा सुझाव दिए हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) इन शिकायतों तथा सुझावों के बारे में सरकार ने क्या निर्णय लिया है;

(घ) क्या यह भी सच है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली के कारण बच्चों पर होने वाले अत्याचारों की कई घटनाएं सरकार के ध्यान में लाई गई हैं और वर्तमान शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित पुस्तकों के बोझ के कारण छात्र कठिनाई का सामना कर रहे हैं;

(ङ) क्या सरकार इन सभी शिकायतों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम दोबारा तैयार करने पर विचार करेगी;

(च) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग में और संस्कृति विभाग में) उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (छ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (रा.शि.नी.), 1986 के संशोधित नीति निर्धारणों को अंतिम रूप देते समय सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली में सुधार से सम्बन्धित समय-समय पर प्राप्त सुझावों पर विचार किया गया है। ये संशोधन तथा कार्रवाई योजना (पी.ओ.ए.), 1992 जिन्हें संसद के दोनों सदनों के पटल पर रख दिया गया है, को व्यापक स्तर पर जनमत संग्रह तथा केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक, जिसमें राज्यों के शिक्षा मंत्री तथा प्रख्यात शिक्षाविद् शामिल थे, में हुई चर्चाओं के आधार पर तैयार किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा में शिशु-केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाने से संबंधित रा.शि.नी. की सिफारिशों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने के लिए नए प्रयास करने हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने छात्रों के शैक्षिक भार को कम करने के लिए उपाय सुझाने हेतु मार्च, 1992 में एक राष्ट्रीय सलाहकार समिति का गठन किया है। इस संबंध में अपनाई जाने वाली विशिष्ट रणनीति इस समिति की सिफारिशों पर निर्भर करेगी।

Renovation of Puri Temple

833. CHOWDHRY HARI SINGH : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether Government are aware that Canadian experts propose to conduct a survey of the Puri Temple for its renovation and preservation;

(b) what steps have been taken by Government on the measures suggested earlier by the Archaeological Survey of India; and

(c) what are the shortcomings that came in the way for not implementing the measures suggested by the Archaeological Survey of India so far ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) The Canadian experts do not have any proposal to